तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 16 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 चोरी की मोटरसायकिल जब्त व आरोपी गिरफ्तार





13 नियद नेल्लानार से वनांचल में बदलाव की ...




# गरीब किसान पिता ने संघर्ष कर पुत्र को बनाया आईएफएस

महेन्द्र विश्वकर्मा ▸▸| जगदलपुर

फादर-डे पर विशेष

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र नारायणपुर जिले के छोटे गांव पालकी के रहने वाले किसान पिता ने संघर्ष कर पुत्र को आईएफएस अफसर बना दिया। रानू राम दुग्गा ने खेत में पसीना बहा कर पुत्र को बड़ा अफसर बनने के लिए प्रेरित किया। पिता ने अपनी इच्छाओं एवं सुविधाओं से समझौते किए, लेकिन पुत्र के सपने को पूरा होने दिया। पुत्र की पढ़ाई के दौरान आर्थिक परेशानी सहित तमाम तरह से व्यवधान आए, पर डिगे नहीं। आरसी दुग्गा वर्ष 2007 में भारतीय वन सेवा में चयनित हुए, वर्तमान में वे बस्तर सर्किल के मुख्य वन संरक्षक पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षा गांव, हाईस्कूल शिक्षा नारायणपुर एवं कॉलेज की शिक्षा रायपुर में हुई। माता श्रीमती जोगंती गृहणी है और तीन भाई एवं बहन कृषक हैं, जो अभी खेती कर रहे हैं।

## माता जोगंती गृहिणी और तीन भाई एवं बहन कृषक हैं





### एकाग्रता ही सफलता की कुंजी



सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि अगर तन-मन से किसी काम में लग जाएं तो फिर कोई भी काम मुश्किल नहीं है। मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है, इसी राह पर चलकर मैंने अपने सपने को पूरा किया है। पिता की मेहनत और संघर्ष को देखा तो अहसास हुआ कि परिश्रम और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है।

### पुत्र को अधिकारी बनाने का सपना था

85 वर्षीय कृषक रानू राम दुग्गा ने बताया कि छोटे से गांव में लगभग 4 एकड़ जमीन से खेती किसानी कर पुत्र को अधिकारी बनाने का सपना देखा। इस सोच के साथ खेती किसानी की आय से बचत किया, ताकि उच्च शिक्षा को लेकर कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि पिता का धर्म पुत्र को तरासना है, इसके लिए पिता को संघर्ष तो करना ही पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### दक्षिण-पश्चिम मानसून है अनुकूल, गर्मी से राहत नहीं

**जगदलपुर।** बस्तर अंचल में दक्षिण-पश्चिम मानसून आकर एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी यहां मानसून का अहसास लोगों को नहीं हो पाया है। शहर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने और वातावरण में आद्रता की मात्रा ज्यादा पहुंचने से लोग चिपचिपाती गर्मी से हलाकान है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक बस्तर संभाग मुख्यालय में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.8 डिसे अधिक 36.8 डिग्री और न्यूनतम सामान्य से 2.8 डिसे ज्यादा 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सुबह आद्रता 64 और शाम को 80 प्रतिशत आंका गया। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी, विजयनगरम में है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। अगले चार-पांच दिनों में प्रदेश और कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने की संभावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पश्चिमी बिहार से मेघालय तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से रविवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। रविवार के बाद अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना बन रही है। 17 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की सम्भावना है।

### 70 मीटर की चुनरी के साथ गंगा आरती आज



**जगदलपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर महादेव घाट परिसर की साफ-सफाई शिव मंदिर वार्ड के पार्षद निर्मल पाणिग्रही के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने की तथा लाइट की व्यवस्था की गई। मां गंगा की आरती रविवार को गंगा दशहरा पर किया जाएगा। मातृशक्तियों द्वारा 3 से 5 बजे तक सुंदरकांड तथा 5.15 से 6 बजे तक नदी किनारे योग पतंजलि द्वारा किया जाएगा। 70 मीटर चुनरी मां गंगा स्वरूपिणी इंद्रावती नदी को विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्तियों द्वारा चढ़ाई जाएगी तत्पश्चात मां गंगा की महाआरती के उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पीएम आवास के लिए डिप्टी सीएम से की भेंट

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा में गरीबों के आशियाना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव से 14 जून को रायपुर पहुंच कर नगर अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से मुलाकात कर नगर पंचायत चारामा में गरीब परिवार एवं कच्चे मकान में निवासरत हितग्राहियों को भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना हर कच्चे मकान में निवासरत परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले, जिन्हे पूर्व के कांग्रेस सरकार के कारण स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। नगर के सभी आवास के हितग्राहियों को लाभ एवं स्वीकृति दिलाने मांग की गई। इसके अलावा मंत्री से शहर की मूलभूत सुविधाओं तथा शहर की विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश साहू मंडल अध्यक्ष चारामा, नंद कुमार ओझा पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत चारामा, भरत मटियारा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, हेम मंडावी सरपंच कोटेला उपस्थित रहे।

## विरोध : पत्नी और बहन ने कहा- ऐसे दरिंदों को जिंदा जलाने का कानून बनाया जाए

# निर्दोष बेटों की हत्या पर भतरा समाज बिफरा आरोपियों को फांसी पर लटकाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- भतरा समाज ने की घटना की निंदा, कहा- हिंसा किसी भी मामले में अनुचित

शहर से लगे इरिकपाल गांव में दो सगे भाइयों की मौत के बाद पांच दिनों से गांव में दहशत है। शनिवार को भतरा समाज के पदाधिकारी इरिकपाल पहुंचे और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। बिलखते हुए मारे गए योगेश और चंद्रशेखर कश्यप की मां बालमती ने हत्यारों को फांसी पर लटकाने की मांग की। वही मृतक योगेश कश्यप की पत्नी भगवती और बहन ज्योति ने कहा कि ऐसे दरिंदों को जिंदा जलाने का कानून देश में बनाया जाना चाहिए ताकि दूसरे ऐसा कृत्य करने की हिम्मत न जुटा पाएं। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किमी दूर इरिकपाल में शंभू नाथ कश्यप के दो पुत्रों योगेश कश्यप और चंद्रशेखर कश्यप की जमीन विवाद के चलते गांव के ही 12 लोगों ने मिलकर 11 जून को दिन दहाड़े हत्या कर दी थी। सभी 12 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए हैं।



### आरोपियों के परिवार की महिलाएं कर रही गाली गलौज

समाज के रतनराम कश्यप तथा लेखन बघेल ने कहा कि हिंसा किसी भी मामले में वाजिब नहीं है। नक्सली बस्तर में हत्याएं कर दहशत फैलाते रहे हैं। अब गांव में असामाजिक तत्व अपनी धाक जमाने हिंसा कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि सजायाफ्ता लोगों के मन से कानून का भय निकल चुका है, इसलिए वे गांव में हिंसा कर आतंक फैलाए हुए हैं। ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अभी भी आरोपी परिवार की महिलाएं पीड़ित परिवार के घर धमक गाली गलौच करती हैं। इसे रोकने के उद्देश्य से यहां महिला पुलिस की तैनाती की जाए।

शनिवार को भतरा समाज के संभागीय अध्यक्ष रतनराम कश्यप, उपाध्यक्ष शारदा कश्यप, मनीराम कश्यप, जिला अध्यक्ष लेखन बघेल, जगदलपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुलधर गोयल, सचिव दिलदाल बघेल, मोहन कश्यप, शासमन कश्यप, कमल कश्यप, दुर्जन कश्यप, नरसिंह कश्यप, मनबोध मौर्य, लंबोदर मौर्य, यशवंत कश्यप, पुष्पा बघेल इरिकपाल पहुंचे। समाज प्रमुखों और पत्रकारों को मृत युवकों के पिता शंभूनाथ ने बताया कि 30 साल पहले उन्होंने एक एकड़ 90 डिसमिल जमीन आरोपी परिवार से खरीदी थी। बेहतर तरीके से खेती करने पर धान की अच्छी पैदावार हो रही थी, जबकि वह परिवार परंपरागत खेती करता है, इसलिए उनकी जमीन में उपज कम होती है।

उन्होंने बताया कि अपनी पुरानी जमीन पर अच्छी फसल होते देख आरोपी परिवार ने एक साल पहले अपनी जमीन वापस मांगी थी। तब उन्हें सशर्त जमीन लौटाने की बात करते हुए सलाह दी गई थी कि आज की तारीख में उक्त जमीन की जो सरकारी कीमत है उतनी राशि देकर जमीन वापस ले लें। किंतु कीमत अधिक होने के बात कह वे लगातार लड़ाई- झगड़ा करने लगे। जिन लोगों ने उनके बेटों की हत्या की है वे आदतन अपराधी हैं और अदालत में भी शराब पीकर आते थे तथा वहां भी झगड़ा करते थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 360 मरीजों का इलाज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारमा

एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर 15 जून को सांस्कृतिक भवन कोरर चौक में आयोजन किया गया। शिविर में पंजीयन 10 बजें से प्रारंभ होकर दोपहर 3 बजे तक चला। यह शिविर स्वर्गीय सरला पंजवानी की स्मृति में श्रृंगार सदन चारामा के तत्वाधान में एवं धमतरी क्रिस्चन अस्पताल के सहयोग से किया गया।

क्षेत्र व नगरवासियों ने इस इस शिविर का भरपूर स्वास्थ्य लाभ उठाया जिसमें 360 लोगो का स्वास्थ्य जांच परामर्श हुआ। निशुल्क रूप से दवाई का वितरण किया गया। इसी दौरान क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी शिविर में शामिल हुई। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की सराहना करते हुए कहा कि नगर में इस तरह शिविर का आयोजन से लोगों की समय-समय पर परीक्षण होती रहती है। वही इस शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. संदीप पटोंदा शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. स्मिता कुमार शैल्य क्रिया विशेषज्ञ, डॉ. ऐरन दास मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. आशुतोष मसीह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्राची गायकवाड़ दंत रोग, डॉ. खान, डॉ. राजेश मसीह साथ में सहयोगी के रूप में नर्सिंग स्टाफ से निलेश रजक, सारांश नाथ, अंबिका एस केलवारी फर्नाडीस, प्रणय नेताम, आचल गोडे, धारिनी, सेफाली, योगिता एवं जया का सहयोग रहा।

सभी चिकित्सको को सम्मानित कर प्रतीक चिन्ह भेट किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, चारामा भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, युवाशक्ति समाज सेवी संस्था से विजय राय, तरुण देवदास, उत्तम साहू, बोधन साहू, लिकेश धृतलहरे, कुलेश्वर साहू, राजू सोनी, पुरषोत्तम मेश्राम, पंकज यदु, राम देवांगन, अमित सक्सेना, धन लाल साहू, नंद किशोर गौतम, मोहित नायक, जितेंद्र सोनकर, डिगेंद्र साहू, नारायण पंजवानी अजय, विजय, आयुष पंजवानी, शिव जोतवानी उपस्थित रहें।

# नारायणपुर व कोंटा मंडी में आवक घटी, संबलपुर में बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- मंडी व उपमंडी में मक्का व इमली की आवक

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में से मई माह में नारायणपुर, कोंटा मंडी में उपज की आवक कम और संबलपुर मंडी में बढ़ी है। इस तरह से मंडी जगदलपुर में 39.41, कोंडागांव में 68.95, केशकाल में 16.99, कांकेर में 13.55, चारामा में 49.19, संबलपुर में 114.96, पखांजूर में 21.81, गीदम में 76.63 एवं बीजापुर में 2.03 फीसदी उपज की आवक बढ़ी पर कोंटा में 7.46, नारायणपुर में 0.96 फीसदी कम रहा। मंडी एवं उपमंडियों में इन दिनों मक्का और इमली की आवक है, पर मंडी को इससे शुल्क नहीं मिल रहा है। बताया कि जेडी ने हाल ही में आयोजित बैठक में सचिवों को कहा कि विपणन अधिकारी से लंबित मंडी शुल्क शीघ्र ही भुगतान कराने का प्रयास करें। कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने सचिवों को बैठक में निर्देश दिया कि मंडी में उपज की आवक बढ़ाएं, जिससे आय भी बढ़ेंगी।



## दुष्कर्म और लूटपाट का आरोपी युवक गिरफ्तार



**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला व बच्चों संबंधी अपराधों में पुलिस कार्य कर रही है। पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर लुटपाट करने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जून को परिचय के समलूराम बघेल के परिवार ग्राम छोटे देवड़ा में शादी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस सुबह जा रही थी। दंतेश्वरी मंदिर के पास अनिल नाग आया और स्वयं को पुलिस वाला बताकर तुम लोग यहां क्यों घुम रहे हो, कहकर डराया धमकाया थाना चलो बोला और स्टेट बैंक चौक के पास समलू बघेल से 2000 रूपये लेकर उसे डरा धमका कर भगा दिया। मुझे चाकू दिखाकर आटो में बिठाया मेरा अपहरण ▸▸| शेष पेज 12 पर

# 1 लाख के इनामी समेत दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर एक लाख ईनामी समेत 2 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। समर्पित नक्सलियों ने हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताया है। दोनों आत्मसमर्पित नक्सली मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय रहकर नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, नक्सली बैनर, पोस्टर लगाने में शामिल थे।

नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके मलांगेर एरिया कमेटी के प्रतिबंधित संगठन में ककाड़ी पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष उमेश उर्फ भीमा हेमला कश्यप पिता आप्पू कश्यप उम्र 35 वर्ष निवासी ककाड़ी स्कूलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा एक लाख ईनामी एवं गोण्डेरास पंचायत मिलिशिया प्लाटून सदस्य जोगा मुचाकी पिता स्व हड़मा मुचाकी उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी गोण्डेरास पेरमापारा थाना फुलबगडी जिला सुकमा ने 15 जून को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेन्ट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ नीरज यादव, कमाण्डेन्ट 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ सुनिल भंवर, द्वितीय कमान अधिकारी अश्वनी परमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ▸▸| शेष पेज 12 पर



## किसके भरोसे लोक निर्माण विभाग, सुकमा जिले में अजीब स्थिति

# लोनिवि के रिटायर्ड ईई ने 15 दिनों बाद नहीं सौंपा प्रभार और न ही किसी की पोस्टिंग हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

- अधिकारी नहीं होने से विभाग का कार्य बुरी तरह प्रभावित

नक्सल प्रभावित जिला सुकमा में इन दिनों लोक निर्माण विभाग सुर्खियों में है। यहां पदस्थ रहे कार्यपालन अभियंता के सेवानिवृत उपरांत पिछले 15 दिनों से किसी को भी न प्रभार दिया गया और न ही किसी नये अधिकारी की पोस्टिंग की गई है। बताया जाता है कि ऐसी स्थिति कभी भी किसी विभाग में नही हुई है। सुकमा जिले के लोनिवि सुकमा संभाग इन दिनों अजीबो गरीब स्थिति में है, इस विभाग में आज की स्थिति में कोई भी कार्यालय प्रमुख नहीं है। यहां पदस्थ कार्यपालन ▸▸| शेष पेज 12 पर




### 15 दिनों से ठप है कार्य

लेनिवि सुकमा संभाग में कार्यपालन अभियंता के सेवानिवृत उपरांत 15 दिनों से कार्यालय में निर्माण कार्य से लेकर समस्त वित्तीय कार्य ठप्प हो गया है। शासन के नियमानुसार इस तरह के कार्यालय में प्रभारी का होना अतिआवश्यक होता है। सुकमा लोनिवि में फिलहाल कई सौ करोड़ के कार्य वर्तमान में चल रहे है। बावजूद इसके किसी अधिकारी को प्रभार न देना आश्चर्यजनक प्रतीत होता है।

### उच्च कार्यालय से होगी कार्रवाई : टेकाम

लोनिवि के अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने कहा कि इस संबंध में उच्च कार्यालय को अवगत करा दिया गया है जो भी कार्रवाई होनी है वो राजधानी से ही होगी।

### कागज तैयार, लेने वाला कोई नहीं : कार्यपालन अभियंता

सेवानिवृत कार्यपालन अभियंता डीआर कोर्राम ने कहा कि मैने अपनी ओर से कागज तैयार करके टेबल में रख दिया है जो भी आऐगा उसे देख कर आगे की कार्रवाई करेगा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर न्यायालय में 17 की सुनवाई 1 जुलाई को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 जून को ईद–उल–जुहा बकरीद पर्व के लिए सार्वजनिक अवकाश होने के कारण कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी न्यायालय कोण्डागांव में 17 जून को सुनवाई के लिए नियत प्रकरणों की सुनवाई 01 जुलाई को की जाएगी।

### आदिवासी समाज ने किया जेल भरो आंदोलन



**धमतरी।** आदिवासी समाज ने अपनी मांगों को लेकर मानपुर में जेल भरो आंदोलन किया। महामहिम राज्यपाल के नाम एडिशनल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मौके पर अरविंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, बीएस रावटे कार्यकारी अध्यक्ष, विनोद कुमार नागवंशी प्रदेश सचिव, अकबर राम कोरीम गोंड़ महासभा अध्यक्ष, जीवराखन मरई प्रदेश सर्व आदिवासी समाज प्रमुख, जीवराखन लाल उसारे मीडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, कन्दर्प राज सिदार गोड़वाना गोंड राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष जसवंत गावड़े, उदय नेताम संयुक्त सचिव गोंडवाना गोंड महासभा समेत अनेक प्रदेश प्रभारी उपस्थित थे।

### योग करने के बताए गए फायदे



**बगदेही (धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोरां के तत्वावधान में फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग एवं योगा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तारिणी साहू बीपीएड छात्रा ने प्रशिक्षार्थियों को फिटनेस, हेल्थ, शारीरिक शिक्षा, योगा एवं व्यायाम करने के फायदे बताए। कार्यशाला का प्रारम्भ नॉर्मल वार्मअप के बाद 100 मी., 200मी., शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, चिनअप के साथ हुआ। सभी को रनिंग एवं जंप की टेक्निक बताई गई। एकेडमी के संस्थापक गुलशन साहू ने बताया कि 21 जून को योगा दिवस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सदस्य देवेश सेन, करण, वरुण, रोहन, धीरज, राजेश, छत्रपाल, साहेब, तुलसी, नोमिक, विभा, नजमुन, हेमा, कुसुम, गीतांजलि, डोमेश्वरी उपस्थित थे। यह कार्यशाला तीन दिन तक चलेगी। राष्ट्रगान के साथ कार्यशला का समापन हुआ।

### मधुबन मेला संचालन में लाखों की गड़बड़ी

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत रांकाडीह अंतर्गत मधुबनधाम में श्रीराम महायज्ञ मेला महोत्सव का आयोजन विगत 45 वर्षों से मेला संचालन समिति द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि 2019-20 से 2022-23 तक पिछले 4 वर्षों तक मधुबन मेला महोत्सव श्री राम महायज्ञ का संचालन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया गया।
ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघन साहू, पूर्व सरपंच भोजराज साहू, ज्योति ठाकुर, अश्वनी साहू, पंचगण भुवनेश्वरी, पूनम बाई, तीजराम, अन्नपूर्णा, बसंती, देवेंद्र, अहिल्या बाई, विश्राम साहू, कमल ,दुलेश्वर सहित अनेक ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सरपंच खेमलता अनिल साहू को मधुबन मेला संचालन प्रभार सौंपा गया था। मधुबन मेला संचालन हेतु व्यापारियों से स्थल बाजार वसूली ग्राम पंचायत की रसीद बुक से की गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार मधुबन मेला संचालन में आय-व्यय की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई। जनसूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि मधुबन मेला संबंधित कोई भी लिखित जानकारी ग्राम पंचायत में नहीं है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघन साहू ने बताया कि मधुबन मेला के संचालन में 2023-24 में सरपंच एवं समिति द्वारा आय व्यय में दो लाख की आमदनी बताई गई। किंतु आय-व्यय पर सरपंच गोलमोल जवाब दे रही है। मधुबन मेला महोत्सव सरपंच द्वारा संचालित किया गया है किंतु आय व्यय की जानकारी ग्राम पंचायत में नहीं है।

# चोरी की मोटरसायकिल जब्त व आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार कि प्रार्थी रूपसिंह मण्डावी निवासी स्कूल पारा ग्राम पराली ने थाना आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उसके स्वयं का मोटर सायकल सीडी डिलक्स लाल काला रंग का क्रमांक सीजी 19 बीए 2795 को दिनांक 30.04.2024 को घर आंगन में बिना ताला दिये खडा कर रखा सुबह उठकर आंगन में देखा तो नही था गाडी का किमत लगभग 13,800 रूपये का है। जिसे कोई अज्ञात चोरी कर ले गया था प्रार्थी के लिखित आवेदन पर धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डांडे के मार्ग दर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी



ईरागांव गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में थाना ईरागांव स्टाफ का पुलिस टीम बनाकर घटना दिनांक से लगातार चोरी किये मोटर सायकल के संबंध में पतासाजी किया जा रहा था प्रकरण में पता तलाश के दौरान पता चला कि ग्राम बाडागांव का समझु राम पोटाई उक्त चोरी के मोटर सायकल से कुछ दिन पहले घुम रहा था। विवेचना दौरान हमराह स्टाफ के साथ समझु राम पोटाई का पता तलाश किया गया जो ग्राम नयापारा बेलगांव में अपने जीजा के घर में मिला आरोपी से चोरी किये गये मोटर सायकल के बारे में पूछताछ करने पर समझ पोटाई द्वारा मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया गया एवं आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपी के कब्जे से चोरी हुआ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 2795 को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। बाद आरोपी विरूद्व पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपी को दिनांक 14.06.2024 के 12.10 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल थाना प्रभारी ईरागांव, सउनि विष्णु राम नरेटी, प्रआर. 302 दुखू राम मण्डावी, आर. 598 हिरालाल पोयाम, आर. 624 मंजीत पोयाम, आर. 816 रामलाल मण्डावी, आर. 2032 बालसिंग यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# चालानी कार्रवाई, 22 चालकों पर 7 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शनिवार को सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने थाना अनंतपुर में चलाए गए विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान में 22 लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर 6600 जुर्माना वसूला गया।

अनंतपुर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने हेलमेट, सीट बेल्ट, गाडी का समस्त दस्तावेज को रखने की अपील किया है। इस मोटर वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य सडक दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं लापरवाह वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करना एवं यातायात नियमों से आमजनों को जागरूक करना है। शनिवार को कुल 22 लापरवाह



वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 6600 रु. समन शुल्क वसूल किया गया। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपने नाबालिग बच्चों को जब–तक वे 18 वर्ष के न हो जायें व परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लाइसेंस न बना लें कभी भी वाहन न दें। दोपहिया में तीन सवारी न चलें, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुर्घटना से देर भली जीवन अनमोल है।

## अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य शासन को लिखा पत्र

# तहसील कार्यालय को कलेक्टोरेट में शिफ्ट करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी

शहर के मध्य स्थित वर्षों पुराने तहसील कार्यालय को अब कलेक्टोरेट में शिफ्ट करने की मांग उठ रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता बीके सिन्हा, सौरभ मिश्रा, राकेश दीवान, अमित झा, शंकर देवांगन आदि ने बताया कि जिला दण्डाधिकारी, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप पंजीयक कार्यालय, भाड़ा नियंत्रण अधिकारी कार्यालय रूद्री में है। सिर्फ तहसीलदार एवं एसडीएम का न्यायालय गांधी चौक धमतरी में है, जिसकी दूरी लगभग 5 किलोमीटर है। ऐसे में अधिवक्ताओं को जिला न्यायालय से तहसीलदार न्यायालय आने-जाने में काफी असुविधा होती है। अधिवक्ताओं एवं फरियादियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसके अलावा आम जनता को भी परेशानी होती है। तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी का न्यायालय रूद्री में शिफ्ट कर देने से लोगों को सहूलियतें होंगी।

अधिवक्ताओं का कहना है कि रूद्री में कलेक्टर आफिस, एसपी आफिस, जिला जनपद सहित तमाम तरह के कार्यालय स्थापित हैं। एक अकेला तहसील और एसडीएम आफिस शहर के अंदर हैं जिसे रूद्री में शिफ्ट करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन में 400 अधिवक्ता हैं। विधिक कार्यों के लिए उन्हें रूद्री धमतरी का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तहसील, एसडीएम, कलेक्टोरेट, न्यायालय सहित सभी कार्यालय एक ही परिसर में हैं लेकिन धमतरी में ऐसा नहीं है। कलेक्टोरेट के बाजू में कई कमरें खाली हैं जहां इसे शिफ्ट किया जा सकता है।



### तहसील कार्यालय में पानी की किल्लत

अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील कार्यालय में विभिन्न सुविधाओं का अभाव है। पानी की किल्लत के चलते समस्त स्टाफ, वकील, फरियादी, पक्षकार को खासी परेशानी होती है। भीषण गर्मी में पानी के लिए बाहर होटलों में शरण लेनी पड़ती है। मजबूरी में पैसे से पानी की बॉटल खरीदनी पड़ती है। कुछ दिनों तक टेंकर से भी पानी लाया गया। यहां पार्किंग का अभाव है। कार्यालय के आसपास या अंदर वाहन यत्र -तत्र खड़े रहते हैं । इससे चोरी, तोड़-फोड़ की आशंका रहती है।

### बैठने के लिए जगह की मांग

जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं को दिए गए बैठने का स्थान अब छोटा पड़ने लगा है। बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाना आवश्यक है। निर्माण के लिए जिला न्यायालय में जगह पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी धमतरी के न्यायालय में कोविड महामारी के पूर्व अधिवक्ताओं के बैठने के लिए दो बेंच की व्यवस्था थी जिसे कोविड प्रोटोकाल के दौरान हटाया गया था। सामान्य स्थिति में होने के बाद भी बेंच नहीं रखी गई है जिससे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्यायालय में पैरवी करते समय अनावश्यक खड़ा रहना पड़ता है।



# बकरीद कल मनाई जाएगी हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

बकरीद पर्व को लेकर 15 जून शनिवार को फरसगांव थाना परिसर में पुलिस एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा और थाना प्रभारी नरेश साहू की द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्तिथ लोगों को आगामी 17 जून सोमवार को होने वाले बकरदी पर्व को हर वर्ष की तरह शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने अपील किया गया । एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा ने उपस्तिथ लोगों से कहा कि बकरीद पर्व को शांति पूर्वक मनायें तथा वर्षों पुरानी चली आ रही परम्परा को कायम रखें। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने अपील किया। वही थाना प्रभारी नरेश साहू ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अफवाह ना फैलायें और न ही किसी प्रकार की आपत्तिजनक फोटो, विडियो को पोस्ट करें. सोशल मीडिया के प्रत्येक पोस्ट पर पुलिस की विशेष टीम की नजर रहेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण, नगर के सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# केवल आयोग बनाकर खानापूर्ति कर रही सरकार : शत्रुहन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी

ओबीसी संयोजन समिति के संस्थापक शत्रुहनसिंह साहू ने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सत्ता आते ही एक बार फिर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा राज्य के आरक्षण प्रावधानों की समीक्षा के लिए कृषि मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में तीन एसटी वर्ग से, एक एससी और दो ओबीसी वर्ग के साथ में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव और आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव सहित कुल 8 सदस्य वाली स्थायी समिति का गठन किया गया है। इससे पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा सभी दलों की सहमति से लाया गया आरक्षण संसाधन विधेयक 2022 आज भी राज्यपाल के कार्यालय में अटका हुआ है जिसे लागू करवाने की बजाय पुनः कमेटी गठित करना आरक्षण विषय को लटकाने के अलावा और कुछ भी नहीं है। इस विषय पर ओबीसी संयोजन समिति ने प्रदेश स्तरीय गूगल मीटिंग कर समिति के स्थाई सदस्यों से मिलकर सामाजिक न्याय के मसौदे और समिति के उद्देश्यों का एक प्रस्ताव सौंपने का निर्णय लिया है ताकि आरक्षण की समस्याओं के साथ ही नई भर्ती, पदोन्नति, फर्जी जाति प्रमाण पत्र के खिलाफ कार्यवाही, ओबीसी छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति में समानता और खासकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 27 प्रतिशत के आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए आरक्षण संशोधन विधायक 2022 पर राज्यपाल का हस्ताक्षर करवाकर छत्तीसगढ़ में लागू करवाने की रणनीति पर काम किया जा सके। आगे कहा कि किसी भी दल की सरकार हो वह ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकार देने की बात पर केवल आयोग बनाकर खानापूर्ति करने का काम करते आ रही है। संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के साथ विपक्ष भी इस मुद्दे पर केवल लीपापोती करने का प्रयास कर रहा है।



# नेत्र सहायक अधिकारी डॉ. क्षितिज हुए सम्मानित

- लक्ष्य के विरुद्ध सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरूद

राष्ट्रीय अंधता एवं दृश्य क्षति नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल अस्पताल कुरुद में पदस्थ विकासखंड नोडल एवं नेत्र सहायक अधिकारी डॉ क्षितिज कुमार साहू को लंबे समय से नेत्र रोगों से पीड़ित रोगियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया है।

डॉ क्षितिज को यह सम्मान 10 जून को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी के कार्यालय में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत कुरुद विकासखंड में लक्ष्य के विरुद्ध सर्वाधिक मोतियाबिंद का ऑपरेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ जेएस खालसा, नेत्र सर्जन डॉ राजेश सूर्यवंशी, रेटिना सर्जन डॉ आशीष खालसा व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न आदि उपस्थित थे।



### लक्ष्य पूरा करने में मिला सहयोग

इस संदर्भ में क्षितिज ने कहा कि मुझे अपने काम के लिए सम्मानित किए जाने पर खुशी है। मैं लगातार उन मरीजों को समर्पित सेवाएं प्रदान करता रहा हूं, जो आर्थिक रूप से गरीब हैं। मैंने कभी कोई पुरस्कार पाने के बारे में नहीं सोचा था। यह सब क्षेत्र की जनता व भगवान का आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को पूरा करने में ग्रामीण क्षेत्र के सरपंच, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन दीदियों, कोटवार का सहयोग उन्हें मिला है।

### 1116 मोतियाबिंद मरीजों का करवाया ऑपरेशन



उल्लेखनीय है कि डॉ क्षितिज ने 2023-24 में लक्ष्य 1134 के विरुद्ध 1116 मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन करवाया है। इसके अलावा 12380 विद्यार्थियों की नेत्र जांच कर 402 छात्र-छात्राओं को दृष्टिदोष निवारक चश्मा, 376 लोगों को प्रेशबायोपिक चश्मा वितरण का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त दो लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर उनका सहमति पत्र भी भरवाया गया। इसमें कुरुद ब्लाक से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ चितेश साहू, डॉ राजेश सोनी, डॉ लोमेश कुर्रे, डॉ प्रवीण टण्डन, डॉ दुलेश ध्रुव, डॉ दुतेंद्र कंवर , डॉ लिकेश्वर प्रजापति, डॉ कीर्तन साहू का सहयोग उन्हें मिला है।

### कबीर जयंती महोत्सव आज

**नगरी।** सद्गुरु कबीर साहेब की 626 वीं जयंती साहू सदन नगरी में 16 जून को प्रातः 10 बजे मनाई जायेगी। भजन, सत्संग का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में संत रविकर साहेब संस्थान डोंगेश्वर धाम धमतरी, दिनेन्द्र साहेब कबीर आश्रम करहीभदर, संत घनश्याम साहेब कबीर तीर्थ मंदरौद एवं अन्य संत पधार रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम, विशिष्ट अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, पुनीत राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, अनिरुद्ध साहू अध्यक्ष संचालक मंडल नगरी होंगे।

# अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर होगी कार्रवाई : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मगरलोड

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग का मगरलोड आगमन हुआ। अवैध उत्खनन व परिवहन के पत्रकारों के सवालों पर सांसद भोजराज नाग ने कहा कि क्षेत्र की नदियों से अवैध उत्खनन व परिवहन पर ठोस कार्रवाई होगी। राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन को संरक्षण दिया था। अवैध वसूली की थी। यह अब भाजपा शासन में नहीं चलेगा। महानदी से अवैध उत्खनन व परिवहन पूर्णतः बंद होगा। राज्य व केन्द्र में सरकार बनने से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगी जेसीबी मशीनों पर उचित कार्रवाई होगी। इस पर रोक लगाने के लिए जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिया गया है।

## खेत के मेड़ में फलदार एवं औषधीय पौधे लगाने की अपील

# किसानों को आर्थिक सुदृढ़ बनाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नगरी

प्रबंध संचालक कृष्ण जाधव के निर्देशन पर कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषक भूमि पर लघु वनोपज औषधीय प्रजाति रोपण हेतु जिला यूनियन धमतरी की दो दिवसीय प्रशिक्षण सहकार्यशाला दुगली में हुई। उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। पीपीटी के माध्यम से पौधरोपण, सर्वे संबंधी प्रपत्र पर प्रेजेंटेशन देकर आंवला, जामुन, चिरौंजी, महुआ, माहुल, बेला रोपण एवं लाख पालन संबंधी फोटो, वीडियो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उपप्रबंध संचालक गरियाबंद अतुल श्रीवास्तव ने प्रपत्र के संबंध में बताया। उपप्रबंध संचालक आरबी निहलानी रायपुर वृत्त, महासमुंद एआर बंजारे,



बलौदाबाजार एके व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। वन-धन मित्रों, प्रबंधकों ने कृषकों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चर्चा की। कृषकों से मेल मिलाप करने दो दल का गठन कर ग्राम बैंधवापथरा और गोंदलानाला का भ्रमण किया गया। ग्रामीणों को कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषि भूमि, मेड़ में फलदार एवं औषधिदार पौधे लगाने से होने वाले अतिरिक्त आय की जानकारी दी गई। कृषकों को बताया कि कुसुम वृक्ष के साथ आंवला पौधे रोपित कर सकते है। सर्वे कर रोपित किए जाने वाले ग्राफ्टेड पौधों की दर, फायदे तथा संघ द्वारा दी जा रही अनुदान राशि की जानकारी दी। ज्ञात हो कि संघ द्वारा ग्राफ्टेड आंवला में 25 रुपये और बेर में 5 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, जबकि आंवला की कुल लागत 50 रुपये और बेर की लागत 10 रुपये है। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा 2497 पौधारोपण हेतु सहमति दी गई। मौके पर जिला यूनियन अध्यक्ष सोमनाथ सोम सहित सदस्य, रायपुर सर्कल प्रभारी वन वृत्त संदीप सिह राजपूत, गुड्डु दुफारे सीनियर एक्जीक्यूटिव धमतरी, दामिनी साहू वन धन मैनेजर संवर्धन, संजय साहू इंटर्न संवर्धन, प्रबंधक, वनधन मित्र एवं कृषक के साथ कुल 63 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### दुष्कर्म और लूटपाट ....

कर, आड़ावाल जंगल की ओर ले गया। जहां पर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया और मेरे पास रखे 2000 रूपये हाथ मुक्का से मारपीट कर छिन लिया और किसी को बतायेगी तो जान से मार दुंगा कहकर धमकी दिया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी के लिए रवाना किया गया। टीम ने 6 घंटे के भीतर आरोपी अनिल नाग को हिरासत में लेकर पुछताछ की। उसके अपराध स्वीकार करने पर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक समेत उप निरीक्षक लोकेश्वर नाग, सहायक उप निरीक्षक इंदु शर्मा, पुरूषोत्तम नायडू, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, चंदर मंडावी, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार और नकुल नुरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 1 लाख के ....

रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं अन्य लाभ प्रदाय कराया जायेगा।

### लोनिवि के रिटायर्ड ....

अभियंता डीआर कोर्राम 31 मई को सेवानिवृत हो गये थे। नियमतः ऐसी स्थिति में कोई समकक्ष अधिकारी को प्रभार दिया जाता है या फिर उनके अधीनस्थ किसी एसडीओ को प्रभार देकर अस्थाई तौर पर कार्यालय का संचालन किया जाता है। लेकिन कार्यपालन अभियंता के सेवानिवृत उपरांत किसी भी अधिकारी को प्रभार नहीं दिया गया। लोनिवि संभाग सुकमा में दो एसडीओ पदस्थ है। प्रशासनिक जानकारों के अनुसार ऐसी स्थिति में किसी सीनियर एसडीओ को आगामी आदेश तक प्रभार दिया जा सकता था। वही अगर एसडीओ को प्रभार देने में किसी भी प्रकार की अड़चन थी तो नजदीकी जिला दंतेवाड़ा या जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता को अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता था पर ऐसा नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### मां डोकरीदाई विकास समिति के अध्यक्ष बने कृष्णा



**जगदलपुर।** शहर के मां डोकरीदाई विकास समिति डोकरी घाट पारा में शुक्रवार को बैठक आहुत कर समिति के नवीन पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे, उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव, महेश यादव, सचिव विनायक सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, सहकोषाध्यक्ष शुभम मेघानी, मिडिया प्रभारी विनोद पांडे व प्रकाश नागे समेत कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। उक्त जानकारी समिति के सचिव विनायक सिंह ठाकुर ने दी है।

### बैठक में शामिल हुए प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के सदस्य



**बस्तर।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ की प्रान्तीय बैठक का आयोजन शनिवार को कलेक्ट्रेट गार्डन रायपुर में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में बैठक की मुख्य मांग संवैधानिक अधिकार नियुक्ति तिथि 1998 से पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई एवं संघ द्वारा ठोस निर्णय लिया गया कि सभी ब्लॉकों एवं जिलों के जन प्रतिनिधि विधायकों, सांसदों से मिलकर ज्ञापन दिए जाने पर निर्णय लिया गया। संघ के मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया। बैठक में डेन्स नाथ पाण्डे, नारायण सोनी, दिनेश सिंह, नवीन चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर, हजरत अली, यदुवेंद्र कुशवाह, गौरी शर्मा, रुद्रनारायण चंद्रवंशी, रामजी मामड़ीकर, राजेंद्र नेताम, संदीप देवांगन एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## बीजापुर के डुमरीपालनार गांव में पहुंचने लगी बुनियादी सुविधाएं

# नियद नेल्लानार से वनांचल में बदलाव की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा बस्तर अंचल के सुदूर वनांचल विशेषकर नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाएं और वनवासियों को सरकार की योजनाओं का बिना किसी व्यवधान के लाभ पहुंचाने के प्रयास सफल होने लगे है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांवों में अब यह सुविधाएं तेजी से पहुंचने लगी है। शासन-प्रशासन के इन प्रयासों को सफल करने में नियद नेल्लानार योजना अहम रोल अदा कर रही है। नियद नेल्लानार की बदौलत अब नक्सल प्रभावित गांवों में शासकीय अमले की आमदरफ्त बढ़ी है। जिसके चलते वनवासियों का भरोसा बढ़ा है और अब वह सरकारी नुमाइंदों से बेझिझक मेल-मुलाकात करने के साथ ही अपनी जरूरतों को बताने लगे हैं।

- शासन-प्रशासन के प्रति वनवासियों में जगा विश्वास

बस्तर अंचल के बीजापुर जिले के कई गांव बीते दो दशकों से नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की मुख्यधारा से न सिर्फ कट गए थे, बल्कि बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। माओवाद प्रभावित इन गांवों में सुरक्षा कैम्पों की स्थापना और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष प्रयासों से शुरू हुई नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में एक नया विश्वास जगा है। सुरक्षा कैम्पों के आस-पास के पांच गांवों को चिन्हित कर शासन की 32 कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पेयजल, बिजली, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं की तेजी से उपलब्धता सुनिश्चत करने के साथ ही हितग्राही मूलक कार्यक्रमों का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें।







बीजापुर जिला मुख्यालय से तकरीबन 45 किलोमीटर दूर बुरजी ग्राम पंचायत का गांव डुमरीपालनार भी बरसो-बरस माओवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। नियद नेल्लानार योजना के कारण अब इस गांव में विकास की बयार बहने लगी है। डुमरीपालनार में सुरक्षा कैम्प की स्थापना और आवागमन के लिए बनी सड़क ने ग्रामीणों के दिलों को शासन-प्रशासन से जोड़ दिया है। ग्रामीणों ने अब माओवादियों की भय और आतंक की चादर को उतार फेंका है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की बातें होने लगी है। बैलाडीला पहाड़ियों से निकलने वाले लाल दूषित पानी को पीने को मजबूर डुमरीपालनार के ग्रामीणों को अब स्वच्छ पेयजल मिलने लगा है। प्रशासन ने इस गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 5 हैण्डपंप भी लगवा दिए है। बीजापुर के गंगालूर, पुसनार, हिरोली सड़क मार्ग से होते हुए डुमरीपालनार पहुंचने पर यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इस गांव की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदलने में शासन के प्रयास प्रभावी साबित होंगे। ग्रामीणों में विकास के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है।

डुमरीपालनार गांव में स्कूल फिर चलें अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधन से बच्चों के पढ़ने के लिए अधोसंरचना भी निर्मित की है। ग्रामीणजन स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, राशन जैसी शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बेखौफ आगे आने लगे है।

# खेल दिवस में महिलाएं बोरा दौड़ में हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व को दृष्टिगत रखते अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के निर्देशन में व यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में 11 जून को परवरिश के चैंपियन वर्णमाला बुक के माध्यम से ख से खेल शब्द पर पालक सत्र अयोजित किया गया। जिसमें पालकों व बच्चों के साथ ग्राम स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

इसी के तहत जिला बीजापुर के ब्लॉक भैरमगढ़ ग्राम नेलसनार में विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के जिला समन्वयक जगत मल्होत्रा की उपस्थिति में पालक सत्र के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी, बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, क्रिकेट, चम्मच दौड़, रस्सा खिंच, पिट्ठुल, बिल्लस आदि खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों के समग्र विकास में खेलों की भूमिका पर चर्चा के दौरान पालकों ने कहा कि अब हम प्रतिदिन बच्चों के साथ खेलेंगे जिससे उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी।





इस अवसर पर नेलसनार के सरपंच सीताराम कश्यप ने भविष्य में भी बच्चों और पालकों के साथ इस प्रकार से खेल आयोजित करने की बात कही, जिससे बच्चों और पालकों के बीच भावनात्मक बंधन मजबूत होगा। इस अवसर पर सीडीपीओ पूनम, पर्यवेक्षक एवं बीजादुतीर से स्वयं सेवक साथियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख, पंच मोटू तम्मो, प्रदीप कर्मा, बच्चों के पालकों सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को कलेक्टर ने दिए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने इन्द्रावती सभाकक्ष में दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा भू-अभिलेख विभाग से 1-1 आवेदक एवं शिक्षा विभाग के 13 आवेदकों सहित कुल 17 आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शासन के नियमानुसार नए दायित्वों का निर्वहन भलिभांति करने, नियमानुसार आश्रितों का भरण पोषण करने की समझाईश दी। अनुकंपा नियुक्ति अन्तर्गत तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें पटवारी, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पद शामिल हैं।




इस दौरान संयुक्त कलेक्टर कैलाश, वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 6 माह का भुगतान के बदले 3 माह का देकर वाहन को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2016 से 1 मार्च 2024 तक खण्ड चिकित्सा अधिकारी बकावंड कार्यालय में स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी-17-केके-6279 संचालित था। 6 माह वाहन संचालित होने के बाद जब वाहन चालक व मालक बीएन राव बीएमओ से भुगतान के लिए पहुंचा तो 3 माह का ही भुगतान देकर 3 माह का रोक दिया गया। वाहन मालिक ने बीएमओ से बार-बार आग्रह किया तो उनके साथ अभद्र व्यवहार करते पेमेंट के बदले कमीशन की मांग की गई। यह आरोप पीड़ति वाहन मालिक ने संभागायुक्त, कलेक्टर, उप संचालक स्वास्थ्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित में शिकायत में किया है। वाहन चालक के अनुसार वह 1 अप्रैल 2024 को कार्य में उपस्थित होकर ड्यूटी किया, लेकिन 2 अप्रैल को अचानक वाहन को बीएमओ कार्यालय से हटाने का फरमान बीएमओ ने जारी कर दिया। 3 अप्रैल को दूसरा वाहन किराए पर रख लिया गया। जबकि जुलाई 2016 से वाहन चल रहा था। पीड़ति के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में आरबीएस के लिए तीन टीम है जिसमें एबीसी सम्मलित है। पीड़ति का आरोप है सी टीम में जो वाहन संचालित किया जा रहा है उस वाहन का किसी प्रकार का दस्तावेज नही है। सी टीम में संलग्न वाहन निजी है। जबकि शासकीय कार्य में संलग्न वाहन में नियमानुसार कमर्शियल वाहन होना आवश्यक है। टैक्सी परमिट, फिटनेश व अन्य दस्तावेज दुरुस्त होना है। लेकिन खण्ड चिकित्सा अधिकारी और वाहन चालक के सांठ-गांठ कर नियम को दरकिनार करते निजी वाहन का संचालन किया जा रहा है।



वाहन चालक

- बकावंड बीएमओ पर अभद्र व्यवहार, राशि जारी करने कमीशन मांगने का आरोप,
- वाहन चालक ने कमिश्नर और कलेक्टर से की न्याय की गुहार

### आरोप निराधार

वाहन चालक बीएन राव का आरोप झुठा है जहां तक समय पर भुगतान नही देने का आरोप है, वाहन राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य के लिए अटैच किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्फत राशि जारी की जाती है। जैसे-जैसे राशि जारी की जाती थी वाहन मालिकों को आबंटित किया जाता था। बावजूद बीएन राव को छोड़ अन्य दो वाहन मालिकों के द्वारा कभी भुगतान के लिए दवाब नहीं बनाया जाता था। जहां तक अभद्र व्यवहार की बात है मैंने केवल समझाईश देता था कि भुगतान करना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। फिर मेरे पर लगातार दवाब बनाया जाता था। बीएन राव समय पर वाहन के साथ कार्यालय उपस्थित नहीं होना और वाहन लेकर कार्यालय में छोड़ आवश्यक कार्य से चले जाना यह लापरवाही की जाती थी। जिससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य प्रभावित होता था। उसकी लापरवाही से परेशान उनके ही टीम बी प्रभारी डॉ पीताम्बर साहू ने मुझे लिखित में शिकायत करते उक्त वाहन को हटाकर दूसरे वाहन लगाने की मांग की थी। वैसे भी उनके वाहन का अग्रीमेंट 2023 को समाप्त हो चुका है।

-हरीश मरकाम,
बीएमओ बकावंड

# दीदियों ने फिनाइल निर्माण कर उद्यमिता में बनाई पहचान

**दंतेवाड़ा।** जिले में स्व सहायता समूह की दीदियां अब आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रही हैं। जो ग्रामीण महिलाएं पूर्व में मात्र खेती, पशुपालन व वनोपज संग्रहण तक ही सीमित रहती थी, अब उनका दायरा बढ़कर अन्य उद्यमों तक हो रहा है। परंपरागत आजीविका से इतर वे अब स्वरोजगार को नई दिशा दे रही है। इस क्रम में ब्लॉक दन्तेवाड़ा के ग्राम बालपेट के गंगादई स्व सहायता समूह की दीदियों ने हर्बल फिनाइल का निर्माण और विक्रय करके उद्यमिता क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। इस संबंध में समूह की अध्यक्ष बिमबती ने बताया कि उनके समूह की महिलाओं ने पिछले 3 सालों से लगातार डैनेक्स ब्रांड के नाम से हर्बल फिनाइल का निर्माण कर अपनी आजीविका में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। इस वर्ष भी उन्होंने 10 हजार लीटर फिनाइल बना कर बेचने का लक्ष्य रखा है और अभी 5 हजार लीटर बना भी रही है। बिहान की जिला एवं ब्लॉक नॉन फार्म आजीविका टीम के सहयोग से अब इनके फिनाइल न केवल सरकारी विभागों में बल्कि मुख्यालय के 5 से अधिक दुकानों पर भी उपलब्ध है और जहां अन्य फिनाइल 100 रुपए प्रति लिटर की दर से आते है, इनके द्वारा निर्मित फिनाइल उसके आधे से भी कम दाम पर उपलब्ध है, एवं बहुत ही अच्छी क्वालिटी के है। इसके साथ ही अब तक दीदियों द्वारा 1.5 लाख से अधिक की फिनाइल विक्रय किया जा चुका है एवं इस वर्ष इसके उत्पादन और विक्रय को और बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए से अधिक के विक्रय का लक्ष्य रखा गया है।



# विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में हुआ। जिसमें कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

- कलेक्टर ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया प्रोत्साहित

बीजापुर जिला माओवाद प्रभावित जिला है, मुठभेड़ में घायल जवानों को आपातकाल ब्लड की आवश्यकता पड़ती रहती है। वहीं जिले में एनीमिया, कुपोषण का प्रभाव भी देखने को मिलता है। गर्भवती माताओं को प्रसव के दौरान ब्लड की आवश्यकता आपात परिस्थिति में जरूरत पड़ती है तथा सड़क दुर्घटना जैसे स्थिति में ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड यूनिट उपलब्ध होने से लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक होती है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सीआरपीएफ के जवानों, जिले के युवा रक्तदाताओं एवं समाज सेवी संगठनों का आभार व्यक्त किया, जो रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद चाय अथवा काफी सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने कलेक्टर एवं एसपी ने काफी वेंडिंग मशीन का शुभारंभ किया। रेडक्रॉस के सौजन्य से प्राप्त काफी वेंडिंग मशीन से रक्तदाताओं को चाय कॉफी दिया जाएगा।




### रक्तदाता डायरेक्ट्री का विमोचन

कलेक्टर एवं एसपी ने जिले के रक्तदाताओं के नाम पता मोबाईल नंबर सहित ब्लड ग्रुप की जानकारी सहित रक्तदाता डायरेक्ट्री पुस्तक का विमोचन किया। जिसमें आसानी से ब्लड ग्रुप की आवश्यकता अनुरूप रक्तदाताओं से संपर्क किया जा सकेगा। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण गवेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी सिविल सर्जन डॉ. यशवंत ध्रुव सहित सीआरपीएफ के जवान, रक्तदाता युवा एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर कलेक्टर हुए गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

प्रत्येक स्कूलों का औसत उपस्थिति प्रति माह ली जाए, जिन स्कूलों का औसत उपस्थिति 90 प्रतिशत से कम होगा उनको नोटिस जारी किया जाए व लगातार औसत उपस्थिति कम होने की स्थिति में संबंधित संस्था प्रमुख के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया जाए। उक्त बातें कलेक्टर हरीस एस ने आयोजित बैठक के दौरान कही।

- 90 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर होगा नोटिस जारी



शिक्षा सत्र के शुरुवात में कलेक्टर सुकमा हरिस. एस जिले के प्राचार्य एवम संकुल समन्वयकों की बैठक एक के बाद एक लेकर बिंदुवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान स्कूलवार कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट का समीक्षा की जिसमें जिन स्कूलों का रिजल्ट पिछले सत्र से इस वर्ष में कम हुआ उन प्राचार्यों से एक के बाद एक समीक्षा कर सुधार करने गम्भीरता से पहल किये जाने पर जोर देते हुए जिन स्कूलों का प्रतिशत पिछले सत्र से कम रहा उन पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, जिला मिशन समनवयक एसएस चौहान, सहायक परियोजना अधिकारी नारायण वर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक आशीष राम, सहायक परियोजना समन्वयक बैसु मरकाम और समस्त प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित थे।

### आत्मानंद के परिणामों पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सुकमा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छिंदगढ़ में रिजल्ट कम होने पर नाराजगी जताते हुए कम परीक्षा फल आने के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए। जिले के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया कि जिन स्कूलों में बच्चे अनुत्तीर्ण हैं उन बच्चों का आवश्यक तैयारी करवाकर अवसर परीक्षा में शामिल कराया जाए। जिन हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में विषय शिक्षकों की कमी है, उन शालाओं के लिए निकटम संस्था से शिक्षकों को अध्यापन अपने मूल संस्था के साथ-साथ सप्ताह में 3 दिन हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्यापन करवाने के लिए आदेशित करने का निर्देश दिया गया। प्रवेश उत्सव के संबंध में कलेक्टर हरीश एस ने स्कूलों में साफ–सफाई करवाने एवं प्रवेश उत्सव में पालक, एसएमसी के सदस्यों को बुलाकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कलेक्टर ने सभी बीईओ को निर्देशित किया प्रत्येक स्कूलों का औसत उपस्थिति प्रति माह ली जाए, जिन स्कूलों का औसत उपस्थिति 90 प्रतिशत से कम होगा उनको नोटिस जारी किया जाए व लगातार औसत उपस्थिति कम होने की स्थिति में संबंधित संस्था प्रमुख के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया जाए।

### 20 जून को होगी जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक

**बीजापुर।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 20 जून को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी इत्यादि विभागों के कार्यो की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

# मेंटेनेंस के नाम पर कटौती व बिजली गुल से शहरवासी परेशान : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कटौती व बिजली गुल की लचर व्यवस्था से शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग जनता को डिजिटल स्मार्ट मीटर लगाने का सपना दिखाकर अपने मुख्य कार्य से भाग रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि जब से बीजेपी की सरकार बनी है तब से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लचर व्यवस्था बनी है। आए दिन बिजली गुल की समस्या से शहर की जनता परेशान हैं। बावजूद बिजली विभाग आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर 4 से 6 घंटे की कटौती करता है, फिर भी जनता को इसका लाभ देने व व्यापक सुधार में विभाग अब तक असफल रहा है। सरकार की तरफ से अभी तक कोई उचित व ठोस कदम नही उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी देते कहा कि विद्युत विभाग जल्द से जल्द इस व्यवस्था में सुधार कर जनता की समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा।



- जल्द व्यवस्था नहीं सुधरने पर होगा बिजली विभाग का घेराव

## खबर संक्षेप

### आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी की संगोष्ठी आज

**जगदलपुर।** धरमपुरा स्थित बालाजी मंदिर के कल्याण मंडपम में रविवार को आदित्य-आनंद वाहिनी की संभाग स्तरीय संगोष्ठी होगी। जिसमें आनंदवाहनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष सीमा तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री संदीप पांडये समेत अन्य पदाधिकारी सम्मलित होंगे। आदित्यवाहनी के मीडिया प्रभारी आचार्य पंडित गिरिजानन्दन मिश्रा ने बताया 11 बजे संगोष्ठी प्रारम्भ होगी। संगोष्ठी पश्चात भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

### सरगीपाल काष्ठागार में हुई वनमंडल स्तरीय कार्यशाला



**जगदलपुर।** वन विभाग के सरगीपाल में आयोजित कार्यशाला में सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ ने परिक्षेत्र अधिकारियों को पौधरोपण आदि की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि वन विभाग मुख्य बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के मार्गदर्शन, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बस्तर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार सरगीपाल में शुक्रवार को एक दिवसीय वनमंडल स्तरीय आरडीएफ, एएनआर, पौधरोपण, वन संसाधन सर्वेक्षण संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वर्तमान में विभागीय कार्यों हेतु जारी नवीन दिशा निर्देशानुसार वन संसाधन सर्वेक्षण हेतु जीपीएस के माध्यम से वृत्ताकार सैंपल प्लॉट डालकर वृक्ष पुनरूत्पादन, बांस, शाकीय पौधे, झाड़ी, बेला की गणना करना एवं विभिन्न पंजियों में संधारित करना बताया गया। कार्यशाला में एसडीओ योगेश रात्रे, आईपी बंजारे, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया।

### आयुष्मान महाअभियान में कार्ड बनाने पहुंचे हितग्राही

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार नगर निगम के समस्त वार्डो में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तीन दिवसीय महाअभियान की शुरुआत शनिवार से हुई। नगरीय निकाय के विभिन्न शिविरों में कार्डधारियों की भीड़ जुटी रही। अभियान में शहर के 48 वार्डो में आयुष्मान कार्ड के लिए शिविर लगाकर छूटे हुए हितग्राहियों का कार्ड बनाया जा रहा है। जिसके तहत शहर के 48 वार्डो में अलग-अलग भवनों में शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान कार्ड शिविर 16 एवं 17 जून को किया जायेगा।

### निधन

#### प्रवीण खेलकर



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग में कार्यरत प्रवीण खेलकर का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे लोक निर्माण विभाग रायपुर के एसडीओ महेंद्र खेलकर के छोटे भाई थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए। आज मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## कार्यशाला में राजस्व सम्बन्धी दायित्वों पर विचार-विमर्श

# राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ अपनी श्रेष्ठतम सेवा दें: कमिश्नर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े ने कहा कि बस्तर अंचल के लोग सीधे-सरल और सहज प्रवृत्ति के हैं। इन लोगों के हितों के लिए राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ अपनी श्रेष्ठतम सेवा प्रदान करें। प्रशासन में राजस्व अधिकारी की बड़ी जिम्मेदारी है और उसकी भूमिका राजस्व अधिकारी के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी की भी होती है।

- सड़क, पुल-पुलिया सहित विकास कार्यों के प्रगति का किया अवलोकन

इसे मद्देनजर रखते हुए बस्तर में पदस्थापना को चुनौती के रूप में स्वीकार कर बस्तर को समझें और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप आम जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें और सतत सम्पर्क रखकर उनकी समस्याओं को निराकरण करने के लिए प्रयास करेंगे, तो जनता का अभूतपूर्व सम्मान मिलेगा। कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े शनिवार को कलेक्टोरेट बस्तर के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित प्रशासन के सुदृढ़ीकरण हेतु राजस्व अधिकारियों की संभाग स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उक्त निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि भूमि प्रबंधन का कार्य राजस्व विभाग का है। इसलिए भू-अभिलेखों का नियमित तौर पर दुरुस्तीकरण करने सहित समुचित संधारण करें। वहीं आम जनता से संवेदनशीलता बरतें तथा राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करें। राजस्व अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर दायित्व निर्वहन करें, जिससे अधीनस्थ राजस्व अमले का उत्तरदायित्व बढ़ेगी और कार्यों में गतिशीलता आएगी। इससे आम जनता में राजस्व प्रशासन के प्रति विश्वास में वृद्धि होने के साथ ही अपने कार्यों को पूरा होने की उम्मीद बढ़ती है। कमिश्नर ने बस्तर के लोगों के लिए जल-जंगल और जमीन को सर्वाधिक महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए कहा कि बस्तर के इतिहास में इसी को लेकर मुरिया विद्रोह, भूमकाल जैसे विद्रोह हुए हैं। यहां सदियों से शासन-प्रशासन में सेतु के रूप में भूमिका यहां के मांझी, पुजारी, बैगा-गुनिया, सिरहा-पेरमा, पटेल इत्यादि पारम्परिक सामाजिक नेतृत्व की रही है। इन पारम्परिक नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श कर समस्याओं एवं जनशिकायतों को निराकृत करने पहल करेंगे, तो समाज में अच्छी छवि बनेगी और दायित्वों के निर्वहन में सहूलियत होगी।



### वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदाय में अच्छा काम, अब 692 ग्रामों के लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य

कमिश्नर ने पूरे बस्तर संभाग में वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदाय के लिए बेहतर प्रदर्शन को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा कि आदिम जाति एवं गैर परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006 के तहत बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टे प्रदान करने सहित सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र एवं सामुदायिक वन संसाधन मान्यता पत्र प्रदाय किया गया है। साथ ही वनाधिकार पट्टेधारी हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने सहित मनरेगा से लाभान्वित किया जा रहा है। यह इन हितग्राहियों के आजीविका संवर्द्धन की दिशा में सहायक साबित हो रहा है। अब बस्तर संभाग के दूरस्थ अंदरूनी 692 ग्रामों के वन भूमि में काबिज पात्र लोगों को वनाधिकार मान्यता पत्र से लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी राजस्व अधिकारी समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करें।

### सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए सरलीकृत नियमों का पालन करने के निर्देश

*कमिश्नर ने बस्तर संभाग में सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राज्य शासन के सरलीकृत नियमों का परिपालन किये जाने के निर्देश दिए। इस दिशा में अधिकार अभिलेख के अभाव में सामाजिक ताना-बाना, स्थानीय रीति-रिवाज, सामाजिक परंपराओं, वंशावली इत्यादि के आधार पर ग्रामसभा के प्रस्ताव के माध्यम से सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय करें। शैक्षणिक सत्र के शुरूआत को देखते हुए स्कूली बच्चों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदाय कार्य में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य के लिए बीईओ, बीआरसी और संकुल समन्वयकों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार करने कहा। वहीं युवाओं को भी प्राथमिकता के साथ उक्त सभी प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन सहित मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आवश्यक पहल किये जाने के निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 (धारा 109, 110, 178, 248, 250), राजस्व पुस्तक परिपत्र, भू-अभिलेख नियमावली सहित अन्य राजस्व संबंधी अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। जिसके तहत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण विषय पर बीजापुर के संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा द्वारा, मसाहती सर्वे पर डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना द्वारा, भू-अर्जन अधिनियम 2013 पर नारायणपुर के अपर कलेक्टर विरेन्द्र कुमार पंचभाई, भू-व्यपर्वतन धारा 172 पर बस्तर के डिप्टी कलेक्टर गगन शर्मा द्वारा, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र में अपर कलेक्टर विरेन्द्र कुमार पंचभाई और आरबीसी 6-4 एवं भूमि आबंटन के विषय पर बीजापुर डिप्टी कलेक्टर जोगेश्वर कौशल के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 के नियमों व प्रावधानों पर बस्तर के डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान और बीजापुर के सहायक आयुक्त आनंद सिंह द्वारा, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं आदेश लेखन विषय पर बस्तर अपर कलेक्टर सीपी बघेल द्वारा प्रस्तुतिकरण दी गई। साथ ही अन्य राजस्व अधिकारियों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, नियद नेल्लानार योजना सहित राजस्व अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में संभाग के सभी जिले में पदस्थ समस्त अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, सहायक कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षक शामिल हुए। कार्यशाला के समापन पर आभार प्रदर्शन बस्तर उपायुक्त कमिश्नर माधुरी सोम ने की।*

# कलेक्टर का जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में दौरा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिले के अत्यंत सुदूर और अंदरूनी गांव गंगालूर, कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली का आज सघन दौरा किया। निर्माणधीन सड़क, पुल-पुलिया का निरीक्षण कर समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कांवड़गांव में आयोजित आधार कैम्प का अवलोकन किया। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न व्यक्तिमूलक योजनाओं में आधार कार्ड, बैंक खाता के उपयोगिता को समझाते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महतारी वंदन योजना, समर्थन मूल्य पर धान बेचने, तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक, पीएम किसान निधि जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने, बैंक में खाता अनिवार्य है। इसलिए सभी लोग अपना आधार कार्ड बनवाए और बैंक में खाता खुलवाएं। ग्रामीणों के द्वारा स्कूल की मांग पर सहमति देते हुए अभी अस्थाई रूप से स्कूल का संचालन करने के निर्देश दिए।

### मुआवजा राशि के बारे में अवगत कराया

कांवड़गांव के पश्चात ग्राम मुतवेंडी पहुंचे। जहां कुछ महीने पहले क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की मृत्यु हो गई थी एवं उसके कुछ दिनों बाद नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में बच्ची के मामा गड़िया की मृत्यु हो गई थी। दोनों के परिवार वालों को शासन द्वारा प्रदत्त की जाने वाली 10-10 लाखरुपए मुआवजा राशि के लिए बैंक खाता खुलवाने की बात कही, ताकि जल्द से जल्द मुआवजा की राशि पीड़ित को मिल सके।

### एक पीढ़ी शिक्षा से वंचित

मुतवेंडी गांव के युवाओं से कलेक्टर ने मिलकर गांव में बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। 22-23 वर्षीय युवाओं ने बताया कि वह न कभी स्कूल गया है, नही कभी टीवी देखा है, गांव के कुछ 2-4 पढ़े-लिखे युवा जो किरंदुल दंतेवाड़ा में रहकर पढ़ाई किए हैं। उन्हीं के पास मोबाईल में कभी-कभी कुछ देखने को मिला। कलेक्टर ने गांव में बिजली, पानी, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल, अस्पताल सहित बुनियादी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं युवाओं ने भावी पीढ़ी को पढ़ाने, स्कूल खोलने की बात कहते हुए शासन-प्रशासन के साथ मिलकर विकास में हम सहभागिता देंगे।

सड़क, पुल-पुलिया बनने से कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली, पीड़िया जैसे सुदूर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य प्रगति पर है। विगत 3-4 माह में जिस तेजी से सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण हो रहा है। विकास की एक नई गाथा लिखने जा रही है। 4 माह पहले बीहड़ क्षेत्र माओवादियों के गिरफ्त में जो इलाका था, वहां जिस तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

# विहिप और बजरंग दल का मसीही समाज पर अत्याचार, प्रशासन से करेंगे गुहार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार**

ग्राम धनपुंजी में मसीह समाज की बैठक में समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में मसीह समाज के विकास एवं सुरक्षा पर विचार विमर्श किया गया। विगत कई वर्षों से ग्रामीण मसीहत को अपना कर समाज में शामिल होकर जीवन यापन कर रहे हैं। किसी मसीह परिवार के घर में मृत्यु हो जाती है तो वे उस भूमि पर जो प्रशासन ने ग्रामीणों को शमसान के रूप में आबंटन किया है उस भूमि पर मसीह परिवार के लोगों को अंतिम क्रिया करने से रोका जा रहा है। उस परिवार पर दबाव बनाया जाता है कि वे फिर हिन्दु धर्म में वापस आ जाएं। जिसे वे घर वापसी का नाम देते हैं। चर्चा में यह बात रखी गई कि जो परिवार कई पीढ़ी से उस ग्राम का मूल निवासी है जिसे सिर्फ मसीह समाज में शामिल होने के कारण उस परिवार के मौलिक अधिकार क्या समाप्त हो जाता है क्या यह संविधानिक है। अगर संविधान में यह सही नहीं है तो फिर बजरंग दल एवं विहिप को किसने यह अधिकार दिया है कि ग्रामीण का मौलिक हक छिने। यह अत्याचार और संविधान का उल्लंघन है। मसीह समाज में रहने वाला व्यक्ति भी भारतीय है।

- मसीह समाज की बैठक में धर्मांतरित लोगों के घर वापसी पर नाराजगी

चर्चा में यह बात भी रखी गई कि बजरंग दल एवं विहिप मसीह समाज पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते आ रहे हैं जो सत्य नहीं है कि कोई भी व्यक्ति जबरन धर्म परिवर्तन किया गया हो इस विषय को लेकर आने वाले दिनों में मसीह समाज प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगा। समाज ने आरोप लगाते कहा कि घर वापसी के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष डीपी थॉमस, उपाध्यक्ष जयो बाघ, सचिव प्रफुल दास मसीह, हरेश आनंद, जयमन चालकी, प्रशांत, मनोहर बेसरा, प्रताप बाघ, सुनिल चालकी, राजेश आनंद, आशिद जॉन, अनिल जॉन, राजमन चालकी, डुमर, जयो हियाल, छोटू, भावनराज दिप्ती, ऐडबिन मैथ्यू, लक्की, बाबुराम, ईश्वरनाथ आनंद, रंजीत, सुरेश समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को खाद-बीज सहित विभिन्न सामग्री का वितरण

# अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीणों तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच हुई आसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

नियद नेल्लानार योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत जिले के अत्यंत सुदूर एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भरसक प्रयास जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है।

इसी क्रम में गंगालूर सहकारी समिति में गंगालूर क्षेत्र के अत्यंत सुदूरवर्ती गांव पालनार, बुरजी, पेद्दाकोरमा, रेड्डी, हिरोली जैसे विभिन्न गांवों के ग्रामीणों और किसानों को उन्नत किस्म के धान का बीज, डीएपी, यूरिया सहित प्रति किसान 28 सौ रुपए के खाद-बीज एवं भूमि सुधार हेतु प्रत्येक किसान को एक हजार रुपए का वितरण कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को जाल वितरण किया गया। अंदरूनी क्षेत्रों से भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति और उनका उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण अंदरूनी क्षेत्रों में विकास के प्रति उत्साहित नजर आ रहे हैं और मुख्य धारा में जुड़कर अपने भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए विकास में अपना सहभागिता देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

- मत्स्य विभाग ने हितग्राहियों को जाल वितरण किया



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने ग्रामीणों को बताया कि नियद नेल्लानार के तहत जिले के चिन्हांकित 33 गांवों में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिससे ग्रामीण अपनी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास कर सके। अशिक्षा, कुपोषण, गरीबी जैसे सामाजिक बुराई को समाप्त कर एक उन्नत जीवन शैली अपना सके और भावी पीढ़ी को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध करा सके जिससे वह सब अभी वंचित है। लोकतांत्रित व्यवस्थाओं के अनुरूप सभी को योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं एक अच्छे जीवन जीने का सबको अधिकार है। उनके अधिकारों का हनन करके, उन्हें इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने वाले उनके हितैषी नही है, बल्कि मानव जीवन के दुश्मन है। ऐसे विचार धारा वाले लोगों से दूर रहे और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य और विकास के लिए जागरूक बनकर विकास में सहयोग देने की अपील कलेक्टर ने की। इस अवसर पर ग्रामीणों के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करने का भी आश्वासन दिए। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, तहसीलदार बीजापुर डीआर ध्रुव, उप संचालक कृषि पीएस कुसरे, उप संचालक पशुधन विकास डॉ. एसएस राजपूत, सहायक संचालक उद्यानिकी, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।
















